मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 97, मुंबई, गुरुवार, 6 जून, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

केंद्र में नई सरकार के गठन की कवायद तेज

नायडू व नीतीश दोनों को चाहिए आंध्र व बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा

चंद्रबाबू की डिमांड
- 3 कैबिनेट मंत्री
- 2 राज्य मंत्री
- स्पीकर
- 6 बड़े मंत्रालय

नीतीश कुमार
- 3 कैबिनेट मंत्री
- 2 राज्य मंत्री
- दो बड़े मंत्रालय

चिराग पासवान
- 2 कैबिनेट मंत्री

जीतनराम मांझी
- 1 कैबिनेट मंत्री

एकनाथ शिंदे
- 1 कैबिनेट मंत्री
- एक स्वतंत्र प्रभार
- जयंत चौधरी व अनुप्रिया पटेल को भी 1-1 मंत्री पद चाहिए

एनडीए 'कल' पेश करेगा सरकार बनाने का दावा, 8 को शपथ संभव

एनडीए में शुरू हुआ मोलभाव

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने की कवायद शुरू कर दी है। एनडीए में शामिल उसके सभी सहयोगी दलों ने मोदी को नेता भी चुन लिया है। लेकिन सरकार गठन से पहले पार्टियों ने मंत्री पद, मंत्रालय और अन्य चीजों के लिए मोलभाव भी शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि सभी घटक दलों ने भाजपा को अपना प्रस्ताव सौंप दिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिव सेना के नेता एकनाथ शिंदे ने दो मंत्री पद मांगा है। उनकी पार्टी के सात सांसद जीते हैं

'इंडिया' सही समय पर फैसला लेगा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के नतीजों के एक दिन बाद बुधवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं की एक अहम बैठक दिल्ली में हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई बैठक में कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल हुए। इसमें विपक्षी नेताओं ने आगे की रणनीति पर चर्चा की। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने मीडिया से कहा- 'इंडिया' ब्लॉक मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के फासीवादी शासन के खिलाफ लड़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि लोगों की आकांक्षा है कि भाजपा उनके ऊपर शासन न करे। लोगों की इस आकांक्षा को पूरा करने के लिए 'इंडिया' ब्लॉक सही समय पर सही फैसला करेगा। (शेष पृष्ठ 3 पर)

एनसीपी नेता शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले, डीएमके सुप्रीमो और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के संजय राउत, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी, सहित कई नेता शामिल हुए

पुणे पोर्श दुर्घटना

जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने 12 जून तक बढ़ाई नाबालिग की रिमांड

पुणे। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने पुणे में पोर्श दुर्घटना में शामिल नाबालिग की रिमांड 12 जून तक बढ़ा दी है। पुणे पुलिस ने बोर्ड के समक्ष एक याचिका दायर करते हुए नाबालिग की हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया था। पुणे के एक निगरानी गृह में बंद 17 वर्षीय लड़के की रिमांड बुधवार को समाप्त हुई। जिसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने 12 जून तक बढ़ा दिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

महाराष्ट्र के कुल 1,121 प्रत्याशी में से 1,025 की जमानत जब्त

बीड के सर्वाधिक उम्मीदवार

मुंबई। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकसभा चुनावों में झटका लगा है। 2019 के मुकाबले बीजेपी और उसके सहयोगी दलों को 17 सीट मिली हैं, जबकि कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) की विपक्षी महा विकास अघाडी ने 48 में से 27 सीट जीती हैं। राज्य की 48 लोकसभा सीट के लिए किस्मत आजमाने वाले कुल 1,121 उम्मीदवारों में से 1025 की जमानत जब्त हो गई है जो कुल उम्मीवारों का 91 प्रतिशत है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

विकल्प पर बात हो

चुनौती यह है कि जिन कारणों से लोग बेचैन हैं, उन्हें दूर की ठोस योजना पर विचार किया जाए? उन गंभीर मुद्दों पर विपक्षी दलों को जुमलाबाजी और बिना ठोस योजना के गारंटी घोषित करने के मोह से बचना चाहिए।

आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जो झटका लगा, उस बारे में सियासी हलकों में यह आम राय है कि व्यापक बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई इसका प्रमुख कारण हैं। अपने सामने अवसरों का अभाव देख रहे लोगों- खासकर नौजवानों ने अनेक राज्यों में सत्ताधारी पार्टी को सबक सिखाने के मकसद से मतदान किया। यह अच्छी बात है कि इस राजनीतिक घटनाक्रम को अपनी जीत बताने के बजाय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह चुनाव आम जन ने लड़ा। यानी उसे ही माहौल में आए बदलाव का श्रेय है। इस समझ को आगे बढ़ाएं, यह माना जाएगा कि अपने कष्टप्रद वर्तमान और लुटते भविष्य से परेशान लोगों ने उनकी मुसीबत से बेखबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सख्त संदेश भेजने के लिए विपक्षी दलों को माध्यम बनाया। परिणाम यह है कि विपक्षी दलों के लिए अपनी भूमिका और प्रासंगिकता फिर से बनाने का एक अवसर सामने आया है। अब बड़ा प्रश्न है कि क्या विपक्षी दल इस अवसर का सही उपयोग करेंगे? इसकी पहली शर्त होगी कि मंगलवार को आए चुनाव नतीजों को अपनी जीत मानने की खुशफहमी से वे बचें। तब उन्हें अपने सामने खड़ी कठिन चुनौती नजर आएगी। चुनौती यह है कि जिन कारणों से लोग बेचैन हैं, उन्हें दूर की ठोस योजना पर विचार किया जाए? उन गंभीर मुद्दों पर विपक्षी दलों को जुमलाबाजी और बिना ठोस योजना के गारंटी घोषित करने के मोह से बचना चाहिए। उन्हें यह अवश्य याद रखना चाहिए कि उनके पास हिंदुत्व जैसा भावनात्मक औजार नहीं है, जिससे रोजमर्रा की समस्याओं से परेशान लोगों को भी वे अपना वोट बैंक बना सकें। इस चुनाव में निसंदेह भाजपा की राजनीतिक पराजय हुई है, लेकिन चुनावी तौर पर उसे और उसके गठबंधन को निर्णायक रूप से नहीं हराया जा सका है। दरअसल, भाजपा के राष्ट्रीय वोट प्रतिशत में सिर्फ एक फीसदी की गिरावट आई है। 2014 से तुलना करें, तो भाजपा को इस बार भी छह प्रतिशत अधिक वोट मिले। इसके अलावा कई राज्यों में उसका नया विस्तार भी हुआ है। इसलिए विपक्ष को खुशफहमी नहीं पालनी चाहिए। उसे अपनी ऊर्जा नीतिगत विकल्प सोचने में लगानी चाहिए।

पर्यावरण दिवस : मानव श्रृंखला, शंखनाद और पौधा रोपण

कानपुर में लगाये गए सैंकड़ों पौधे, जन जागृति मंच ने भी पौधारोपण कर किया पर्यावरण के प्रति सचेत

मुंबई हलचल/संवाददाता

कानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस की मौके पर अनेक स्थानों पर सैकड़ों पौधे लगाए गए। इसी क्रम में जन जागृति मंच द्वारा भी विश्व पर्यावरण दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आज गुजैनी दबौली क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 11 पौधे विभिन्न पार्कों सरकारी अस्पताल नगर निगम डंप एवं सुरक्षित स्थानों पर रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

सरकारी अस्पताल गुजैनी परिसर में डॉ धीरज सोनकर द्वारा एवं नगर निगम गुजैनी डंप परिसर में नगर निगम सुपरवाइजर रविंद्र मिश्रा ने संस्था अध्यक्ष विनोद मिश्र के साथ एक एक पौधा रोपित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष विनोद मिश्र ने कहा कि अभी भी हम सब पर्यावरण के प्रति सचेत न हुए तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी ध्वनि प्रदूषण वायु प्रदूषण जल प्रदूषण मनुष्य के जीवन को खोखला कर रहा है। 80 डेसिबल ध्वनि हमें बहरा बनाने के लिए पर्याप्त है। भौतिकता की अंधी दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति का क्रूर दोहन किया। अंधाधुंध पेड़ों की कटान से पूरा वातावरण बिगड़ गया है। नदियों मैं गंदगी डाली जाती है कुछ नदियों का तो अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है फिर भी मनुष्य अभी भी खतरे के प्रति अनजान बना हुआ है मनुष्य की उपभोक्तावादी सोच का गंभीर परिणाम जलीय जीव जंतुओं को भी भुगतना पड़ रहा है। अनेक जीव जंतु लुफ्त हो रहे हैं मनुष्य ने प्राकृतिक संसाधनों का जिस प्रकार से दोहन किया है परिणाम स्वरूप यह खतरा निरंतर बढ़ता जा रहा है एक तरफ वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैसों के बढ़ने के कारण पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ मौसम चक्र भी व्यापक रूप से प्रभावित हुआ है। हमें बेतहाशा बढ़ रही जनसंख्या पर भी रोक लगानी होगी। दबौली में मानव श्रृंखला एवं जे ब्लॉक गुजैनी में शंखनाद कायर्क्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विनोद मिश्र ने कहा हमारी संस्था पिछले चार दशकों से भी अधिक समय से बिना कोई सरकारी आर्थिक सहायता चंदा या अनुदान लिए बगैर पर्यावरण के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवारत है। वर्षा ऋतु में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्व विनोद मिश्र, राजेंद्र गुप्ता, रमेश यादव, रामसनेही यादव, ओ पी सिंह, श्रीमती रूबी, रविंद्र मिश्रा और बाबूलाल आदि लोग मौजूद रहे।

सहज राजनीति के दिन लौटे?

लोकसभा चुनाव, 2024 के नतीजों की कई पहलुओं से व्याख्या हो रही है। होनी भी चाहिए क्योंकि इस बार का नतीजा अपेक्षाकृत संश्लिष्ट है। पिछले कुछ समय से मतदाताओं के व्यवहार में एक खास प्रवृत्ति यह दिख रही थी कि वे बिल्कुल स्पष्ट जनादेश दे रहे थे। केंद्र से लेकर राज्यों तक में जनादेश में कोई संशय नहीं होता था। एक दशक बाद मतदाताओं ने त्रिशंकु जनादेश दिया है। इससे एक बार फिर देश में गठबंधन की राजनीति का दौर लौट आया है। ऐसा क्यों हुआ, विश्लेषण का एक विषय यह हो सकता है। इसी तरह अलग अलग राज्यों के जनादेश की अलग व्याख्या हो सकती है। एक पहलू विपक्ष के आमने सामने का चुनाव बनाने की रणनीति की सफलता का भी हो सकता है। यह भी एक बड़ा सवाल है कि इतने जबरदस्त ध्रुवीकरण के बावजूद भाजपा के खिलाफ जाने वाला करीब 60 फीसदी वोट पूरी तरह से विपक्ष के साथ क्यों नहीं आया? निश्चित रूप से इन सभी पहलुओं से नतीजों का विश्लेषण होगा। लेकिन नतीजों के बाद बड़ा सवाल यह है कि राजनीति में क्या बदलाव आएगा? क्या अब केंद्र में ज्यादा समावेशी सरकार बनेगी और क्या संघवाद की जिस अवधारणा को पिछले 10 साल से चुनौती मिल रही थी वह चुनौती समाप्त हो जाएगी? क्या संस्थाओं की स्वायत्तता फिर से बहाल हो जाएगी? क्या व्यक्ति केंद्रित राजनीति का दौर अब समाप्त हो जाएगा?

इन सवालों का जवाब तो समय देगा लेकिन पहली नजर में जनादेश को देख कर यह अंदाजा लग रहा है कि देश की राजनीति स्पष्ट रूप से दो ध्रुवीय हो रही है और भले दो पार्टियों का सिस्टम न बने परंतु विचारधारा पर आधारित दो गठबंधन अब स्थायी रूप से बने रह सकते हैं। विपक्ष की पार्टियों ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के खिलाफ इंडिया का गठन करके चुनाव लड़ा था। इसका फायदा वोट प्रतिशत में भी मिला है और सीटों की संख्या में भी। सो, जब तक भाजपा देश की राजनीति की केंद्रीय ताकत के तौर पर मौजूद रहती है कम से कम तब तक विपक्ष का एक समानांतर वैचारिक व राजनीतिक गठबंधन बना रहेगा। दोनों गठबंधनों के वोट प्रतिशत में जितना कम अंतर है उससे विपक्ष भाजपा के खिलाफ कामयाबी की उम्मीद बांध सकता है। बहरहाल, इस जनादेश के बाद भारत की राजनीति में जो सबसे बड़ा बदलाव आएगा वह ये है कि राजनीति की सहजता बहाल हो जाएगी।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

आज भी चार राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

महाराष्ट्र में कब मेहरबान होगी बारिश?

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। देश के अधिकत्तर राज्यों में फिलहाल गर्मी से राहत नहीं मिली है। वहीं दक्षिण और पूर्वोत्तर की तरफ मानसूनी बारिश और उत्तर की तरफ हीटवेव आज भी जारी है। इस बाबत मौसम विभाग के मुताबिक आज यानी गुरुवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में हीटवेव का अलर्ट है। आईएमडी की मानें तो अगले दो दिन में बिहार, झारखंड और ओडिशा में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री बढ़ने की संभावनो है। वहीं उत्तर प्रदेश में दो दिन बाद तापमान में 2 डिग्री की बढ़त भी हो सकती है। अब तक मानसून केरल और तमिलनाडु होते हुए कर्नाटक भी पहुंच चुका है। इसके अब 10 जून तक महाराष्ट्र, 15 जून तक मध्य

प्रदेश और 27 जून तक दिल्ली पहुंचने का अनुमान है। राजधानी दिल्ली में बीते बुधवार शाम मौसम के अचानक करवट लेने और कई इलाकों में बारिश होने से राजधानीवासियों को गर्मी से राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो घंटों के दौरान दिल्ली के अलग-अलग स्थानों सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया था। दिल्ली में बुधवार शाम मौसम के अचानक करवट लेने और कई इलाकों में बारिश होने से राजधानीवासियों को गर्मी से राहत मिली। वहीं राजस्थान के अधिकांश भागों में बीते बुधवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया था। यहां के धौलपुर में सर्वाधिक तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी की मानें तो अगले 5 दिनों के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा तथा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज, बिजली और तेज हवाएं (30-40 किमी प्रति घंटे) चलने की संभावना है। वहीं अगले 4 से 5 दिनों तक उत्तर पश्चिम और पूर्वी भारत में हीटवेव की लहर जारी रहने की संभावना है। पता हो कि, मानसून 30 मई को केरल और नॉर्थ ईस्ट राज्यों और 31 मई को मानसून उत्तरी पश्चिम बंगाल में पहुंचा था।

रक्षा मंत्रालय का बड़ा ऐलान, पेंशनर्स के लिए 1128 बैंक शाखाओं में खुलेंगे स्पर्श सेवा केंद्र

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। अब सभी सैन्य कर्मियों को टेली मानस सेल के जरिए 24 घंटे मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय सशस्त्र सेना कर्मियों व उनके परिजनों के लिए टेली मानस सेल स्थापित करेगा। इस संबंध में बुधवार को रक्षा व स्वास्थ्य मंत्रालयों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सशस्त्र सेनाओं के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने गत वर्ष दिसम्बर में पुणे के सशस्त्र बल चिकित्सा

महाविद्यालय में विशेष टेली-मानस सेल का उद्घाटन किया था। अब इसका विस्तार देशभर में किया जा रहा है। टोल-फ्री नंबर 14416 के जरिए चौबीसों घंटे टेली-मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। रक्षा पेंशनभोगियों की मदद के लिए शुरू की गई रक्षा मंत्रालय की पहल स्पर्श (पेंशन प्रशासन प्रणाली-रक्षा) का लाभ अब दूरस्थ इलाकों में रहने वाले लाखों पेंशनर्स को भी मिल सकेगा। इसके लिए रक्षा मंत्रालय के रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) ने देशभर में चार बैंकों की 1128 शाखाओं में स्पर्श सेवा केंद्र खोलने के लिए चार बैंकों के साथ बुधवार को करार किया है। ग्यारह बैंकों की शाखाओं में यह केंद्र पहले से स्थापित है। अब देशभर में कुल 15 बैंकों की 26 हजार से अधिक शाखाओं में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

आकाश जाधव के आर्किटेक्चर की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पे शुभकामनाएं दी

मुंबई हलचल/संवाददाता

सांगली। डी.वाय. पाटिल कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर तलसंडे के द्वितीय वर्ष की शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर की वार्षिक परीक्षा मैं आकाश जाधव सफलता पूर्वक पास होने पे बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं आकाश को कॉलेज के सभी शिक्षकों के द्वारा

दिए गए शिक्षण का लाभ मिला जिस के लिए आकाश ने सभी शिक्षक का आभार व्यक्त किया। आकाश जाधव ये पत्रकार संपत आनंदराव जाधव के पुत्र हैं, आकाश के परीक्षा मैं पास होने पे शुभ चिंतकों, रिश्तेदारों ने आकाश पास होने पे बधाई और उज्वल भविष्य के शुभकामनाए दी।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

एनडीए में शुरू हुआ मोलभाव

भाजपा की ओर से राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा को सभी पार्टियों के नेताओं से एक एक करके बात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार ने चार मंत्री पद की मांग की है। उन्होंने तीन सांसद पर एक मंत्री पद देने की मांग की है। ध्यान रहे इससे पहले भाजपा की मोदी सरकार ने हर सहयोगी पार्टी को सिर्फ एक मंत्री पद देने का फॉर्मूला बनाया था, चाहे उसके सांसद कितने भी हों। इस बार यह फॉर्मूला बदलेगा। बहरहाल, नीतीश की पार्टी के कोटे से हरिवंश राज्यसभा के उप सभापति भी हैं। बताया जा रहा है कि नीतीश ने पूरे देश में जाति गणना कराने, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने और बिहार में जल्दी चुनाव कराने की भी मांग की है। बिहार के ही दूसरे नेता चिराग पासवान ने दो मंत्री पद मांगा है। उनकी पार्टी के पांच सांसद जीते हैं। जानकार सूत्रों का कहना है कि वे इसके अलावा राज्यसभा की एक सीट भी मांग रहे हैं। उनकी पार्टी का कहना है कि लोक जनशक्ति पार्टी को समझौते में लोकसभा का सिर्फ पांच सीटें मिलीं, जबकि पिछली बार उसे छह सीटें मिली थीं और उसके छह सांसद जीते थे। सो, एक लोकसभा सीट के बदले एक राज्यसभा सीट देने की मांग भी हो रही है। वे अपनी मां के लिए राज्यसभा की सीट मांग रहे हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तान अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी अपनी पार्टी के इकलौते सांसद हैं लेकिन उनको भी एक मंत्री पद चाहिए। जानकार सूत्रों के मुताबिक सबसे बड़ी मांग तेलुगू देशम पार्टी ने की है, जिसके 16 सांसद जीते हैं। चंद्रबाबू नायडू की पार्टी ने छह मंत्री पद मांगे हैं और साथ में स्पीकर का पद भी मांगा है। ध्यान रहे अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में टीडीपी के सीएम बालयोगी स्पीकर रहे थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिव सेना के नेता एकनाथ शिंदे ने दो मंत्री पद मांगा है। उनकी पार्टी के सात सांसद जीते हैं। राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी ने याद दिलाया है कि उन्हें चुनाव से पहले ही एक मंत्री पद देने का वादा किया गया था। वे खुद राज्यसभा सांसद हैं और उनकी पार्टी के दो लोकसभा सदस्य जीते हैं। इस बार अनुप्रिया पटेल अपनी पार्टी से अकेले जीती हैं लेकिन वे भी एक मंत्री पद चाहती हैं।

'इंडिया' सही समय पर फैसला लेगा

गौरतलब है कि मंगलवार को नतीजे आने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल घटक दलों खास कर टीडीपी और जदयू के नेताओं से बात करने के बारे में फैसला बुधवार को विपक्षी पार्टियों की बैठक में किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि सरकार बनाने की पहल करने के बारे में भी बातचीत होगी। तभी ऐसा माना जा रहा था कि बुधवार की बैठक में इस बारे में बातचीत होगी। लेकिन ऐसा लग रहा है कि विपक्षी पार्टियों ने फिलहाल इसे टाल दिया है। बहरहाल, खड़गे ने कहा- हम बहुत अच्छा और एक साथ लड़े। 'इंडिया' गठबंधन उन सभी पार्टियों का स्वागत करता है, जो संविधान में लिखी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक न्याय की बातों का सम्मान करते हैं। मोदी और उनके तरीके की राजनीति के खिलाफ जनादेश मिला है। व्यक्तिगत रूप से यह उनके लिए बड़ा राजनीतिक नुकसान है। यह उनकी नैतिक हार है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव नतीजों में विपक्षी गठबंधन को कुल 234 सीटें मिली हैं। सरकार बनाने के लिए 272 सांसदों का समर्थन चाहिए।

महाराष्ट्र के कुल 1,121 प्रत्याशी में से 1,025 की जमानत जब्त

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से यह जानकारी प्राप्त हुई है। आंकड़ों के मुताबिक रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम सात उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई जबकि बीड में सबसे अधिक 39 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई। गढ़चिरौली-चिमूर, डिंडोरी और पालघर सीट पर भी इसी तरह का रुझान देखने को मिला, जहां आठ-आठ उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। वहीं, बारामती और अमरावती में क्रमशः 36 और 35 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में प्रमुख राजनीतिक दलों के केवल दो उम्मीदवार ही अपनी जमानत बचा पाए। निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार उम्मीदवारों को अपनी जमानत राशि वापस पाने के लिए कुल डाले गए मतों का कम से कम छठा हिस्सा हासिल करना होता है। वहीं, सामान्य उम्मीदवारों के लिए 25,000 रुपये और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए 12,500 रुपये की जमानत राशि निर्धारित की गई है जो उपरोक्त अर्हता पूरी नहीं करने की स्थिति में जब्त हो जाती है।

पुणे पोर्श दुर्घटना

पुणे क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने कहा, हमने जेजेबी के समक्ष एक आवेदन दायर कर पर्यवेक्षण गृह में उसकी हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ाने की मांग की थी। जानकारी के लिए बता दें कि महाराष्ट्र के पुणे शहर के कल्याणी नगर में 19 मई को तड़के एक पोर्श कार की टक्कर लगने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। कार को कथित रूप से एक नाबालिग चला रहा था जो उस वक्त शराब के नशे में था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटे बाद एक रियल एस्टेट डेवलपर के नाबालिग बेटे को जमानत दे दी थी और उसे सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने के लिए कहा था।

लोकसभा चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी को लगा जोर का झटका

शून्य पर आई बसपा तो मुसलमानों से मायावती का मोह भंग, पहले 'तौलेंगी'

इस चुनाव में बसपा की हालत सबसे ज्यादा खराब हो गई है। वह 2014 की तरह ही एक बार फिर शून्य सीट ही लेकर आई है। मायावती ने कहा कि प्रतिनिधित्व देने के पहले अब काफी सोच-विचारकर फैसला लेंगी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो गए। इसमें सपा-कांग्रेस गठबंधन ने यूपी में सबसे ज्यादा सीटें हासिल की हैं। इस चुनाव में बसपा की हालत सबसे ज्यादा खराब हो गई है, जो कि 2014 की तरह ही एक बार फिर शून्य सीट ही लेकर आई है। अब बीएसपी सुप्रीमो मायावती की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने मुसलमानों को प्रतिनिधित्व देने को लेकर बड़ी बात कही है।

दरअसल नतीजों में बसपा के शून्य सीटें आने पर मायावती ने दो पन्नों का एक बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी किया है। इसमें कहा गया कि मुस्लिम समाज बसपा का खास अंग रहा है, लेकिन पिछले कई चुनावों और इस बार के लोकसभा चुनाव में भी उचित प्रतिनिधित्व देने के बावजूद बसपा को समझ नहीं पा रहा है।

दो पन्नों का बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी किया

उनकी 2014 की तरह हो गई हालत

मुस्लिम समाज पूर्व में बसपा का खास अंग था

नुकसान पर करेंगी विचार

मायावती ने मुस्लिम समाज को लेकर कहा कि अब भविष्य में बेहद ही सोच-समझकर चुनाव में पार्टी उन्हें मौका देगी, जिससे पार्टी को भविष्य में इस बार की तरह भयंकर नुकसान न हो। बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी की हार की गहन समीक्षा करने और सुधार के लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही है। मायावती ने कहा कि अब देश के लोकतंत्र और संविधान और देशहित के बारे में उन्हें ही सोचना और फैसला करना है। मैं इस पर विचार करूंगी।

गंभीरता से विश्लेषण करेंगे

मायावती ने कहा है कि लोगों को यह सोचना चाहिए कि यह जो चुनाव परिणाम आया है, उसका आगे उन सबके जीवन पर क्या असर पड़ने वाला है और उनका अपना भविष्य कितना शांत, समृद्ध और सुरक्षित रह पाएगा, या नहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बारे में गंभीरता से विश्लेषण करेंगी। पार्टी के मूवमेंट के हित में जो भी जरूरी होगा, उसे लेकर ठोस कदम उठाएंगी।

चुनाव आयोग पर भी उठा दिए सवाल

मायावती ने प्रचंड गर्मी में चुनाव कराए जाने को लेकर सवाल उठाए और कहा कि बसपा चुनाव आयोग से मांग करती रही है कि चुनाव बहुत लंबा नहीं खिंचना चाहिए। यह चुनाव सात चरणों में ढाई महीने लंबा चला है। चुनाव में आम लोगों के हितों के साथ कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेना चाहिए।

फड़णवीस ने ली महाराष्ट्र में हार की जिम्मेदारी

डिप्टी सीएम पद छोड़ने की पेशकश की

मुंबई। महाराष्ट्र में भाजपा के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने ली है। फड़णवीस ने डिप्टी सीएम पद से मुक्त करके संगठन में काम करने की अपील अपने शीर्ष नेतृत्व से की है। हालांकि, शीर्ष नेतृत्व ने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। फड़णवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में मिली हार मेरी जिम्मेदारी है, ये सेट बैक जो हुआ है उसकी जिम्मेदारी मेरी है। मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं। मैं संगठन के लिए पूरे तरीके से काम करना चाहता हूं। शीर्ष नेतृत्व ने इसे नहीं माना है।

सीएम शिंदे ने कहा

हम सब साथ लड़े तो यह सामूहिक जिम्मेदारी

मुंबई। देवेंद्र फड़णवीस के प्रस्ताव पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा है कि हार-जीत की जिम्मेदारी सामूहिक है और वे जल्द ही उनसे बात करेंगे। शिंदे ने कहा कि तीनों पार्टियों ने मिलकर चुनाव लड़ा था। हार के कारणों की ईमानदारी से समीक्षा की जाएगी।

विधानसभा चुनाव में करारी हार

ओडिशा के सीएम पटनायक का इस्तीफा

भुवनेश्वर। लोकसभा चुनाव के नतीजों के साथ ओडिशा विधानसभा चुनाव के नतीजे भी आ चुके हैं। विधानसभा चुनाव में पटनायक के नेतृत्व में बीजू जनता दल को हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद पटनायक ने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राज्यपाल रघुवर दास को इस्तीफा सौंपा। अब ओडिशा में बीजद के 24 साल का राज भी खत्म हो गया।

मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास किया

एनडीए सहयोगियों पर डोरे उनके 'मंसूबे' रहेंगे अधूरे

विपक्ष मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिन में देख रहा: चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता को पीएम मोदी पर पूरा विश्वास है। पूरब-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण हर जगह भाजपा की उपस्थिति है। भाजपा ने दक्षिण भारत में अच्छा प्रदर्शन किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरा एनडीए पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। जो लोग एनडीए सहयोगियों पर डोरे डाल रहे हैं उनके मंसूबे कभी पूरा नहीं होंगे। शिवराज ने कहा कि विपक्ष मुंगेरीलाल के हसीने सपने दिन में देख रहा है। ऐसे सपने कभी पूरा नहीं होंगे। पूरा एनडीए भाजपा के साथ है। पीएम मोदी एनडीए का चेहरा हैं।

दक्षिण भारत में बढ़ा भाजपा का वोट शेयर

सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है। जब उनसे सवाल किया गया कि यूपी, महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान में भाजपा की सीटें कम हुई है तो उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में भाजपा ने अच्छा किया है। भाजपा का वोट शेयर भी बढ़ा है। तेलंगाना में भाजपा की सीटों की संख्या दोगुनी हो गई है।

मैं केवल एक अनुशासित कार्यकर्ता हूं

केंद्र में मंत्री बनने के सवाल पर शिवराज सिंह ने कहा कि अभी वो इसके बारे में नही सोच रहे हैं। वे पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता हैं। पार्टी के लिए जो भी बेहतर हो सकेगा वह करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अभी सांसद हूं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कई बार सीटें कुछ कम हो जाती हैं। कई जगहों पर हम आगे भी बढ़े हैं। जहां पर पार्टी हारी उसके बारे में भाजपा विचार करेगी।

अब टीवी देखना हो जाएगा पहले से महंगा, जल्द बढ़ने वाले हैं चैनलों के रेट

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

टीवी पर भी महंगाई की मार पड़ने वाली है। जल्द ही टीवी देखने के लिए आपको अपनी जेब से और ज्यादा पैसा निकालना होगा। डिज्नी स्टार, वायाकॉम 18, जी एंटरटेनमेंट और सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स ने अपने रेट में इजाफा कर दिया है।

- ट्राई ने लोकसभा चुनाव तक का इंतजार करने को कहा था

इसका असर सीधा आपकी जेब पर पड़ने वाला है। टीवी सब्सक्रिप्शन रेट में 5 से 8 फीसदी का इजाफा हो सकता है। रेट में बढ़ोतरी करने के लिए ट्राई ने लोकसभा चुनाव तक का इंतजार करने को कहा था। अब लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही कभी भी टीवी चैनलों के रेट बढ़ सकते हैं।

टीवी सब्सक्रिप्शन रेट में 5 से 8 फीसदी का इजाफा हो सकता है

डीपीओ पर रेट बढ़ाने का दबाव बनाएंगे

लोकसभा चुनावों के लिए मतदान 1 जून को संपन्न हुआ था। साथ ही 4 जून को चुनाव के नतीजे भी आ गए हैं। ऐसे में सभी ब्रॉडकास्टर्स अब डीपीओ पर रेट बढ़ाने का दबाव बनाएंगे। एयरटेल डिजिटल टीवी ने पहले ही रेट में बढ़ोतरी कर दी है। बाकी डीपीओ भी बढ़े हुए रेट का भार बहुत जल्द जनता के कंधों पर ही डाल सकते हैं।

जनवरी में ब्रॉडकास्टर्स ने बढ़ा दिए थे 10 फीसदी रेट

इसी साल जनवरी में सभी बड़े ब्रॉडकास्टर्स ने अपने चैनलों के बुके रेट में 10 फीसदी तक का इजाफा कर दिया था। वायाकॉम 18 ने सबसे ज्यादा 25 फीसदी रेट बढ़ाए हैं। क्रिकेट राइट और एंटरटेनमेंट चैनलों के मार्केट शेयर में इजाफा होने के चलते यह बढ़ोतरी की गई थी। नए रेट फरवरी से ही लागू हो गए थे।

ट्राई ने रुकने का दिया था निर्देश

सभी ब्राडकास्टिंग कंपनियों ने डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म ऑपरेटर्स (डीपीओ) से नए एग्रीमेंट पर साइन करने को कहा था। इसके बाद टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सभी ब्रॉडकास्टर्स से कहा था कि वो लोकसभा चुनाव होने तक एग्रीमेंट साइन न करने वालों के सिग्नल बंद नहीं करें। अब ट्राई कभी भी इसकी मंजूरी दे सकता है।

लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस ने 99 सीटों पर जीत हासिल की

कांग्रेस की 4 राज्यों में 8 से 13 गुना तक बढ़ गई सीटें

चुनावी विश्लेषण

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा फायदा मिला पार्टी को

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 99 सीटों पर जीत हासिल की है। पार्टी का यह प्रदर्शन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव से कहीं बेहतर है।

2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सिर्फ 44 सीटों पर सिमट गई थी जबकि 2019 में उसने 52 सीटें जीती थी। इस तरह कांग्रेस ने अपने पिछले आंकड़े में 47 सीटों की बढ़ोतरी की है। निश्चित रूप से कांग्रेस ने इस प्रदर्शन से राजनीतिक विश्लेषकों को चौंकाया है।

महाराष्ट्र, बिहार, कर्नाटक और हरियाणा में बेहतर परिणाम मिले, तालमेल भी ठीक दिखा

कांग्रेस ने चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन बनाने की पहल की और इसमें शामिल अपने सहयोगी दलों के साथ पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा। विशेषकर महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और बिहार में कांग्रेस ने सहयोगी दलों के साथ अच्छा तालमेल दिखाया और एनडीए को 300 सीटों के आंकड़े तक भी नहीं पहुंचने दिया। कांग्रेस ने जिन राज्यों में अपनी सीटें बढ़ाई हैं, उनमें महाराष्ट्र, बिहार, कर्नाटक, हरियाणा आदि शामिल हैं।

यूपी से 7 महिलाएं संसद में करेंगी नेतृत्व

लखनऊ। देश की सबसे बड़ी पंचायत में इस बार 7 महिला सांसद यूपी का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनमें से सपा की सर्वाधिक 5 महिला सांसद चुनी गई हैं। इस बार प्रदेश की 80 सीटों पर 851 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। इसमें 80 महिला उम्मीदवार शामिल थीं। प्रमुख दलों में भाजपा ने 7, सपा ने 10, कांग्रेस ने एक, अपना दल (एस) ने दो और बसपा ने तीन महिला प्रत्याशियों को टिकट दिया था। पिछले लोकसभा चुनाव में यूपी से 11 महिला सांसद चुनी गई थीं।

कोई और होता तो इस्तीफा देता: झा

पटना। राजद के नेता मनोज झा ने भाजपा को बहुमत न मिलने पर खूब खरी खोटी सुनाई। उन्होंने गठबंधन, सरकार बनाने पर बड़ी बात कही। इस बार भाजपा 32 सीट बहुमत से पीछे हैं। जनता ने आपको झटका दिया है। मोदी की जगह कोई और होता तो इस्तीफा दे देता।

खरगे ने बड़ा दिल दिखाया होता तो...



पटना। नीतीश कुमार के एक बार फिर से पॉलिटिकल मूव के सवाल पर जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि इंडिया अलायंस में वापसी की तो कोई संभावना नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अगर बड़ा दिल दिखाया होता तो यहां नहीं होते।

देशभर में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू

देश के कई राज्यों में बारिश की संभावना तो कहीं पर लू चलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भीषण गर्मी के बाद अब देशभर में प्री मानसून गतिविधियां देखने को मिली रही है, हालांकि कुछ राज्यों में लोगों को लू और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। जिन राज्यों में बारिश होना है, उसमें दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्य शामिल है। यहां हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं उत्तर भारत के राज्यों में बारिश के आसार है।

मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान

पंजाब, हरियाणा में जारी रहेगी गर्मी

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित पंजाब, हरियाणा में फिलहाल गर्मी और लू जारी रहेगी, जबकि उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के कुछ क्षेत्रों में बारिश का अनुमान है।

इन राज्यों में बारिश के आसार

दक्षिणी राज्य तमिलनाडु, आंध प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, सहित पूर्वोत्तर और महाराष्ट्र के कुछ राज्यों में भारी बारिश के आसार हैं। केरल, ओडिशा , छत्तीसगढ़, दक्षिण मध्य प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है।

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

भारी मात्रा में विस्फोटक, बैटरियां, नक्सली साहित्य बरामद, तलाशी अभियान जारी

मुंबई हलचल / गढ़चिरौली

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई और बाद में विस्फोटकों का एक जखीरा बरामद किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गढ़चिरौली जिले के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि मंगलवार को खुफिया सूचना मिली थी कि नक्सलियों के अहेरी 'एलओएस' (स्थानीय अभियान दस्ता) के कुछ सशस्त्र कार्यकर्ता स्थानीय तेंदू पत्ता ठेकेदारों से धन उगाही करने के लिए जिले में घुसे हैं।

उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम रमेश के नेतृत्व में गढ़चिरौली पुलिस की विशेष नक्सल विरोधी इकाई सी-60 की एक टीम तुरंत महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर इंद्रावती नदी के तट पर स्थित क्षेत्र के लिए रवाना हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बुधवार सुबह ग्यारेवाड़ा गांव के पास नक्सलियों ने

पुलिस की टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद जवाबी गोलीबारी की गई। इसके बाद नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए।

उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक, तार, बैटरियां, नक्सली साहित्य और नक्सलियों द्वारा लाए गए कुछ 'पिट्ठू' या किट बैग बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

सहस्त्रताल ट्रैक पर 5 ट्रैकर्स की मौत, 4 फंसे

नई दिल्ली। उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के दौरान मौसम खराब होने के चलते रास्ता भटककर जान गंवाने वाले पांच ट्रैकरों के शव निकाल लिए गए हैं। इसके अलावा 13 ट्रैकरों को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से 11 को एयरलिफ्ट किया गया। जबकि, दो को वन विभाग की टीम पैदल लेकर आ रही है। अभी 4 ट्रैकर लापता हैं, जिनकी खोजबीन जारी है। इसके 29 मई को कर्नाटक और महाराष्ट्र के ट्रैकरों का 22 सदस्यीय दल मल्ला-सिल्ला से कुश कल्याण बुग्याल होते हुए सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के लिए रवाना हुआ था। 2जून को यह दल सहस्त्रताल के कोखली टॉप बेस कैंप पहुंच गया था। इनमें से 20 ट्रैकर्स 3 जून को सहस्त्रताल के लिए रवाना हुए हुए थे, लेकिन मौसम खराब हो गया।

एनजीटी परिसर में पौधरोपण

नई दिल्ली। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी ने बुधवार को नई दिल्ली में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनजीटी परिसर के अंदर एक पौधा लगाया।

दिल्ली, मुंबई आईआईटी दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालय में शामिल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

आईआईटी मुंबई और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का स्थान बरकरार रखा है।

बुधवार को जारी हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2025 में यह जानकारी दी गई। आईआईटी मुंबई पिछले साल के 149वें स्थान से 31 रैंक ऊपर चढ़कर 118वें स्थान पर पहुंच गया है। आईआईटी दिल्ली ने अपनी रैंकिंग में 47 अंकों का सुधार करते हुए वैश्विक स्तर पर 150वां स्थान हासिल किया है। लंदन आधारित उच्च शिक्षा विश्लेषक, 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित रैंकिंग के अनुसार, दिल्ली विश्वविद्यालय की अपने स्नातकों की रोजगार क्षमता के मामले में स्थिति अच्छी है और यह रोजगार परिणामों की श्रेणी में विश्व स्तर पर 44 वें स्थान पर है। रैंकिंग के संस्करण में 46 विश्वविद्यालयों को शामिल किए जाने के साथ भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली प्रतिनिधित्व के मामले में वैश्विक स्तर पर सातवें और एशिया में तीसरे स्थान पर है, जो केवल जापान (49 विश्वविद्यालय) और चीन (मुख्यभूमि) (71 विश्वविद्यालय) से पीछे है। वहीं, दुनिया के शीर्ष 400 संस्थानों में दो और प्रविष्टियां हैं, जिनमें दिल्ली विश्वविद्यालय 328वें स्थान पर और अन्ना विश्वविद्यालय 383वें स्थान पर है।

भारत के लिए चुनौती

क्यूएस ने इस बात को रेखांकित किया कि उपलब्धियों के बावजूद भारत को अंतरराष्ट्रीयकरण में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसने कहा, देश अंतरराष्ट्रीय संकाय अनुपात और अंतरराष्ट्रीय छात्र अनुपात संकेतकों में पीछे है, जो अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं आदान-प्रदान की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

भारत का आंकड़ा मात्र 2.9

अंतरराष्ट्रीय छात्रों के अनुपात के लिए भारत का आंकड़ा मात्र 2.9 है, जो वैश्विक औसत 26.5 से काफी कम है। अधिकारी ने कहा, इसी प्रकार, अंतरराष्ट्रीय संकाय के अनुपात का औसत आंकड़ा 9.3 है, जो भारतीय विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय संकाय सदस्यों की विविधता और प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की आवश्यकता को दर्शाता है।

रोजगार के अवसर

भारत का रोजगार परिणाम संबंधी आंकड़ा 23.8 के वैश्विक औसत से 10 अंक कम है, जो नौकरी की आवश्यकताओं और स्नातकों के कौशल के बीच अंतर को पाटने तथा नए स्नातकों के लिए अधिक अवसर पैदा करने की आवश्यकता को दर्शाता है। क्यूएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इसके अतिरिक्त, भारत का स्थिरता अंक भी वैश्विक औसत से लगभग 10 अंक कम है। यह उच्च शिक्षा प्रणाली के भीतर स्थिरता पहल को प्राथमिकता देने एवं इसे मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

हर तरफ अंधेरा, 20 घंटे ड्राई फ्रूट खाकर किया गुजारा- ट्रेकरों ने सुनाई आपबीती

मुंबई हलचल/संवाददाता

देहरादून। सहस्त्रताल में फंसे आठ ट्रेकर को एसडीआरएफ की टीम सुरक्षित देहरादून लेकर पहुंची तो उनके चेहरे पर भय साफ नजर आ रहा था। इनमें से कई ट्रेकर तो ऐसे हैं, जिनका स्वास्थ्य सही है, मगर वह दहशत में हैं। उनकी आवाज तक नहीं निकल रही। बर्फीले हवा के बीच ट्रेकर के 20 घंटे इतने खौफनाक गुजरे कि शायद ही वह जीवनभर भूल पाएंगे। ट्रेकर ने ड्राई फ्रूट खाकर जान बचाई। उन्हें याद नहीं कि ट्रेकिंग के दौरान उनके साथ आखिर हुआ क्या। बहरहाल! आठ ट्रेकर को रेस्क्यू कर एसडीआरएफ देहरादून लेकर आ गई है। ये सभी देहरादून के कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती हैं। कर्नाटक के 22 ट्रेकर का दल 29 मई को हिमालयन व्यू ट्रेकिंग एजेंसी मनेरी (उत्तरकाशी) के सहयोग से सहस्त्रताल की ट्रेकिंग पर निकला। उनके साथ आठ खच्चर और तीन गाइड थे। दो जून की शाम अचानक बर्फीला तूफान शुरू हो गया। ट्रेकर की मानें तो बर्फीले तूफान की रफ्तार

करीब 90 किमी प्रतिघंटा रही होगी। इसके बाद आंखों के सामने अंधेरा छा गया। सभी एक-दूसरे से अलग होने लगे। अचानक ठंड इतनी बढ़ गई कि असहनीय हो गई। ट्रेकर जयप्रकाश वीएस ने बताया कि वह पूर्व में भी ट्रेकिंग के लिए उत्तराखंड आ चुके हैं। इस बार उनके साथ जो घटना हुई, उसे शायद ही वह कभी भुला पाएंगे। बताया कि सोमवार शाम उनका दल सहस्त्रताल के लिए आगे बढ़ रहा था कि अचानक तेज वर्षा के बाद बर्फीली हवाएं चलनी शुरू हो गईं। धीरे-धीरे तूफान आने लगा। इस कारण जो जहां था, वहीं ही रुक गया। ट्रेकर स्मृति प्रकाश ने बताया कि बर्फीले तूफान के बीच उन्हें सामने खतरा नजर आ रहा था। जब उन्होंने इधर-उधर संपर्क करने की कोशिश की तो नेटवर्क नहीं होने से किसी को घटना के बारे में बता नहीं पाए। रात को अंधेरा होने पर जान बचाना और भी मुश्किल हो गया। किसी तरह मोबाइल की टार्च जलाकर वह एक-दूसरे से बातचीत करते रहे और दिलासा देते रहे।

चुनावी नतीजों के झटके से उबरा शेयर बाजार

एनडीए सरकार गठन के कदम से सेंसेक्स 2303 अंक झूमा, निफ्टी भी रहा मजबूत

मुंबई हलचल / मुंबई

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,303.19 अंक यानी 3.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 2,455.77 अंक तक चढ़ गया था। बैंक, वाहन तथा पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही।

निफ्टी में 735.85 अंक की बढ़त

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735.85 अंक यानी 3.36 प्रतिशत उछलकर 22,620.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 785.9 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल सभी शेयर लाभ में रहे।

एचडीएफसी बैंक व रिलायंस में भारी खरीदी

एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई। बुधवार को बाजार में आई तेजी से निवेशकों को 13.22 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ।

सरकार गठन को लेकर निवेशकों की चिंता दूर

भाजपा नीत राजग ने लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन के बहुमत हासिल करने के एक दिन बाद बुधवार को यहां बैठक में सरकार गठन की विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। गठबंधन सहयोगी तेदेपा ने राजग को समर्थन देने की बात दोहरायी है। इससे सरकार के गठन को लेकर निवेशकों की चिंता दूर हुई है और हाल ही जिन शेयरों में गिरावट आई, उसमें लिवाली देखने को मिली।

चुनाव नतीजों के झटके से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा। लोकसभा चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने के कारण शेयर बाजार में मंगलवार को चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों की सरकार गठन को लेकर बातचीत के बाद बाजार चढ़ा है।

- सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई छलांग
- बैंक, वाहन व पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में रही तेजी
- निवेशकों को हुआ 13 लाख करोड़ से अधिक का लाभ

बाजार की नजर अब मौद्रिक नीति पर : जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''राजनीतिक स्तर पर स्थिरता सुनिश्चित होने के साथ बाजार में चौतरफा लिवाली से तेजी लौटी। हालांकि, सभी की नजर सरकार के गठन और इस सप्ताह पेश होने वाली मौद्रिक नीति पर होगी।''

निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

शेयर बाजार में मंगलवार को आई गिरावट की बुधवार को कुछ हद तक भरपाई हुई, जिससे निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई। दलाल पथ पर सकारात्मक धारणा लौटने से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बुधवार को 13,22,847.05 करोड़ रुपये बढ़कर 4,08,06,552.32 करोड़ रुपये (4.89 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

ये शेयर रहे बढ़त में

सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सात प्रतिशत से अधिक लाभ में रहा। इसके अलावा टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील भी प्रमुख रूप से बढ़त में रहे।

अदाणी के शेयरों में उछाल

अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से नौ के शेयर बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 11.01 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 8.59 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 7.47 प्रतिशत तथा समूह की प्रमुख कंपनी अदानी एंटरप्राइजेज में 6.02 प्रतिशत की तेजी आई। एसीसी का शेयर 5.20 प्रतिशत, एनडीटीवी 3.26 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस 2.67 प्रतिशत, अदाणी विल्मर 0.77 प्रतिशत तथा अदाणी पावर का शेयर 0.32 प्रतिशत चढ़ गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

कैल्शियम की कमी से महिलाएं हो रही हैं इस बीमारी की शिकार

ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या पुरूषों से ज्यादा महिलाओं में देखने को मिलती है। ऑस्टियोपोरोसिस (osteoporosis) हड्डी का एक रोग है जिससे फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। 50 साल की उम्र के बाद हर तीन में एक महिला को यह समस्या होती है पुरुषों की तुलना में महिलाओं को यह समस्या कैल्शियम के कारण अधिक होती है। आइए जानते हैं कि आखिर क्यों महिलाओं कैल्शियम की कमी के इस रोग की चपेट में आ रही हैं।

महिलाओं को क्यों जल्दी होता है ऑस्टियोपोरोसिस रोग

महिलाएं, पुरुषों के मुकाबले जन्म के वक्त से ही कमजोर होती हैं। वहीं बढ़ती उम्र के साथ-साथ महिलाओं की हड्डियों का द्रव्यमान ज्यादा तेजी से खत्म हो जाता है, जोकि इस रोग का कारण बनता है। दरअसल, हड्डियां कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन और कई तरह के मिनरल्स से बनी होती हैं। अनियमित जीवनशैली और बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं में ये मिनरल्स जल्दी नष्ट हो जाते हैं। इससे हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है और वह कमजोर होने लगती है। इसके अलावा कहीं न कहीं डाइटिंग भी महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बनती है। डाइटिंग के कारण महिलाओं के शरीर को पूरा पोषण नहीं मिल पाता, जिसके कारण वह इस रोग की चपेट में

क्या है कारण ?

कैल्शियम की कमी
व्यायाम न करना
बढ़ती उम्र के कारण
सॉफ्ट ड्रिंक पीना
ज्यादा नमक खाने
आनुवंशिक यानि जेनेटिक
प्रोटीन और विटामिन डी की कमी
शराब और धूम्रपान का सेवन
डायबिटीज और थाइरॉयड
जल्दी पीरियड्स खत्म होना
ऑस्टियोपोरोसिस के लक्षण
रीढ़, कलाई और हाथों में दर्द
हड्डी में जल्दी से फ्रैक्चर होना
बहुत जल्दी थक जाना
शरीर में बार-बार दर्द होना
कमर में दर्द होना
हड्डियों और मांसपेशियों में दर्द
पीठ के निचले हिस्से में दर्द
मामूली-सी चोट लग जाने पर फ्रैक्चर होना

ऑस्टियोपोरोसिस का घरेलू इलाज

1. नारियल का तेल
नारियल तेल का सेवन हड्डियों का घनत्व बढ़ता है और इससे शरीर में एस्ट्रोजन की कमी भी पूरी होती है। इससे आप इस बीमारी से बची रहती हैं। इसलिए नारियल तेल को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

2. बादाम का दूध
कैल्शियम से भरपूर बादाम वाले दूध का सेवन शरीर में इसकी कमी को पूरा करता है, जोकि ऑस्टियोपोरोसिस से बचने के लिए जरूरी है। इसके अलावा बादाम के दूध में हड्डियों के लिए जरूरी तत्व मैग्नीशियम, मैगनीज और पौटेशियम भी शामिल होते हैं। इसलिए रोज 1 गिलास बादाम वाला दूध नियमित रूप से पीएं।

3. तिल के बीज
मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, मैंगनीज, तांबा, जिंक और विटामिन डी से भरपूर तिल के बीज भी हड्डियों की कमजोरी को दूर करते हैं। इसलिए अगर आप इस बीमारी से बचना चाहती हैं तो रोज 1 मुट्ठी भुने हुए तिल चबा कर दूध पीएं।

4. धनिया के बीज
धनिया के पत्ते और बीज दोनों में ही मैग्नीशियम, आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम और मैंग्नीज आदि पोषक तत्व होते हैं। धनिया के बीजों को गर्म पानी में उबालकर कुछ देर ढक कर रखें उसके बाद गुनगुना होने पर इसमें शहद मिलाकर पीएं। इसके अलावा आप इसके पत्तों और बीजों का इस्तेमाल खाना बनाने के लिए भी कर सकते हैं। इसका सेवन इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम करता है।

5. मछली का तेल
मछली के तेल के सप्लीमेंट्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड, कैल्शियम और विटामिन डी होता है जो हड्डी की घनिष्टता को बढ़ाने में मदद करता है। एक रिसर्च के अनुसार, मछली के तेल में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड हड्डी और मांसपेशियों को पहुंचने वाले नुकसान को कम करते हैं। इसलिए अपनी डाइट में 1000 मिलीग्राम मछली के तेल के सप्लीमेंट्स जरूर शामिल करें।

इस तरह घर पर बनाकर लगाएं आंवला तेल, बाल दोगुनी तेजी से होंगे लंबे!

लड़कियां लंबे, सुंदर और घने बाल पाना चाहती है। अपनी इस चाहत को पूरा करने के लिए लड़कियां कई तरह के कैमिक्ल युक्त हेयर प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। मगर इन चीजों से कई बार बालों को फायदा पहुंचने की जगह पर नुकसान होने लगता है। ऐसे में आप आंवला तेल का इस्तेमाल करके भी बालों को लंबा, घना और मजबूत बना सकते हैं।

आंवला में विटामिन सी, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, कैरोटीन और विटामिन बी, फाइबर और कार्बोहाइड्रेट जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। जो बालों को झड़ने से रोकने के साथ ही उनको लंबा बनाने का काम भी करता है। वैसे तो बाजार में कई आंवला तेल मिल जाएंगे मगर उनसे भी ज्यादा फायदा नहीं मिलता। ऐसे में आप घर पर ही आंवला तेल बनाकर बालों पर लगा सकते हैं। इस तेल का इस्तेमाल करने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

आंवला तेल बनाने की विधि

तेल बनाने के लिए सबसे पहले आंवला लें। इनको अच्छे से धोने के बाद इसके बीज निकालकर लें। इसके बाद आंवलों को अच्छे से पीस लें। पिसकर आंवले का जूस निकाल लें। अब आंवला जूस में नारियल का तेल मिक्स करके 10 से 15 मिनट के लिए उबलने के लिए रख दें। जब यह ब्राउन हो जाए तो गैस से उतार से लें और ठंडा होने के लिए रख दें। इस तेल को बाल धोने के 20 से 30 मिनट पहले लगाएं। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

पैरों पर आ रहे बदलाव भी करते हैं खराब सेहत की और संकेत

लोग अपनी सेहत को लेकर बहुत फिक्रमंद होते हैं। इसके लिए वह अपने शरीर में आने वाले छोटे से छोटे बदलाव पर खास ख्याल देते हैं लेकिन पैरों को नजरअंदाज कर देते हैं। पैरों में होना वाला दर्द,सूजन ा,खारिश,रूखापन,छाले, एडियों का फटना आदि के सेहत से जुड़ी परेशानियों पर संकेत देते हैं। जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। आ

1. पैरों के नाखूनों का बदरंग होना
पैरों के नाखूनों का बदलता रंग, इनका पीला या काला होना फंफूद और संक्रमण की ओर संकेत देता है। यह सोराइसिस और एक्जिमा की और इशारा करते हैं। कुछ लोग येलो नेल सिंड्रोम नाम की बीमारी के शिकार होते हैं। इसमें नाखूनो का रंग पीला पड़ जाता है। जो खराब सेहत की ओर इशारा करते हैं। यह फेफड़ो की सूजन या फेफड़ो में पानी भरने की ओर संकेत करते हैं। लगातार पैरों के नाखूनों का रंग बदल रहा है और प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करने पर भी सही नहीं होता तो इसे नजरअंदाज न करें।

2. पैरों का लगातार ठंड़ा रहना
कुछ लोगों के पैर लगातार ठंड़े रहते हैं। ऐसा ब्लड सकुर्लेशन में प्रॉब्लम की वजह से होता है। डायबिटीज, एनीमिया, हार्ट डीजिज, स्मोकिंग करने से भी पैरों में ठंड़क रहती है। शरीरिक कमजोरी के कारण भी पैर ठंड़े रहते हैं।

3. एडियां फटना और पैरों का रूखापन
शरीर में नमी की कमा के कारण पैर फटने शुरू हो जाता हैं। इसके अलावा एक्जिमा,डमेर्टाइटिस, सोराइसिस और एथलीट्स फूट के कारण भी पैरों की त्वचा रूखी सूखी और एड़ियां फटनी शुरू हो जाती है।

4. पैरों में दर्द रहना
कुछ लोगों के पैरों में लगातार दर्द रहता है। इसे नजरअंदाज करने से परेशानी बढ़ सकती है। शरीर में मैग्नीशियम की कमी होने से भी पैरों में दर्द होने लगता है। इसे पूरा करने के लिए बैलेंस डाइट लेना बहुत जरूरी है।

5. पैरों से बदबू आना
पैरों की साफ-सफाई करने के बावजूद भी कुछ लोगों के पैरों से बहुत बदबू आती है। इसका कारण फंगस और बैक्टीरिया हो सकते हैं। पसीना न सूखने के कारण भी पैरों में से बदबू आने लगती है और ज्यादा देर जूते पहनने से बैक्टीरिया ज्यादा पनपने शुरू हो जाते हैं। जिससे बाद में स्किन इंफैक्शन भी हो सकते हैं। मोजो हमेशा साफ-सुथरे रखने और पैर सूखे रखना बहुत जरूरी है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हार्दिक संग तलाक की अफवाहों के बीच नताशा ने दी गुड न्यूज

हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक तलाक की अफवाहों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बीच नताशा ने एक गुड न्यूज दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट किया है, जिससे सभी हैरान होने के साथ-साथ खुश हैं। आइए बताते हैं कि आखिर नताशा ने ऐसे क्या पोस्ट किया है। नताशा स्टेनकोविक ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इस स्टोरी में नताशा ने पालतू जानवर की तस्वीर शेयर की, जिसने पिंक कलर की टी-शर्ट पहनी है। हालांकि, जिस चीज ने नताशा की स्टोरी पर ध्यान खींचा वह तस्वीर पर लिखा टेक्स्ट था। नताशा ने तस्वीर के साथ लिखा, बेबी रोवर पांड्या। नताशा ने इस नए पोस्ट में क्रिकेटर हार्दिक का सरनेम जोड़कर अपने और हार्दिक पांड्या के तलाक की अफवाहों पर फुलस्टॉप लगा दिया है।

G. D. JALAN COLLEGE

Estd. : 2011

Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board (MARWARI MINORITY)

Upper Govind Nagar, Malad (East)

NAAC accredited with B+ **ISO 9001: 2015 Certified College**

Admissions Open

The following programs are as per National Education Policy (NEP 2020)

B.Com.: : Bachelor of Commerce

B.Com.: : Bachelor of Commerce (Management Studies)

B.A.F.: : Bachelor of Commerce (Accounting and Finance)

B.Sc.: : Bachelor of Science

B.Sc.I.T.: : Bachelor of Science (Information Technology)

College Code : MU-0527

Contact Number: 9321558419/ 9321674124